राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर
बी-39, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

**Rajasthan Nursing Council, Jaipur**
B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur - 302001

राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan

क्र.प.06 / (19) / आर.एन.सी. / जी.एन.एम.द्वितीयवर्ष / 2026 / 6007 दिनांकः–17.09.2026

समस्त,
राजकीय / निजी जी.एन.एम.
प्रशिक्षण केन्द्रों, राजस्थान।

**विषय :– जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष(न्यू सलेबस) मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म ऑन–लाईन भिजवाने बाबत्।**

**सन्दर्भ :– आर.एन.सी / जी.एन.एम.द्वितीयवर्ष / 2026 / 5098 दिनांक : 15.09.2026।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष (न्यू सलेबस) मुख्य परीक्षा आयोजित किये जाना प्रस्तावित है, अतः उक्त परीक्षा में बैठने की योग्यता रखने वाले प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा फार्म राजस्थान नर्सिंग कौंसिल के विभागीय पोर्टल www.rncjaipur.org पर दिनांक 16.09.2026 (मंगलवार) रात्रि 12:00 बजे तक प्रति प्रशिक्षणार्थी परीक्षा शुल्क मय विलम्ब शुल्क राशि 200 / – रूपये (अक्षरे राशि दो सौ रूपये मात्र) के भिजवाया जाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया था।

अतः परीक्षा में बैठने की योग्यता रखने वाले प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा फार्म की उक्त तिथि को बढाकर दिनांक 19.09.2026 रात्रि 12:00 बजे तक किया जाता है। राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, विभागीय पोर्टल www.rncjaipur.org पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नही किये जायेगे ना ही तिथि बढाई जायेगी। अतः परीक्षा फार्म भरे हुये का प्रिंट लेकर प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित कर दस्तावेजों को संलग्न कर कार्यालय दिनांक 22.09.2026 सायंकाल 05.00 बजे तक जमा किया जाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि तक अपलोड नही होने पर एवं कार्यालय में सत्यापित कॉपी जमा नही होने पर समस्त जिम्मेदारी संस्था की होगी।

**पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।**

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर।

क्र.प.06 / (19) / आर.एन.सी. / जी.एन.एम.द्वितीयवर्ष / 2026 / 6007 दिनांकः–17.09.2026

प्रतिलिपी सूचनार्थ प्रेषित है।

1. निदेशक (जन स्वास्थ्य) एवं पदेन अध्यक्ष, राज. नर्सिंग कौंसिल, जयपुर।
2. लेखा शाखा,
3. रक्षित पत्रावली,

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर।

Tel.: +91 141 2222923 | Fax: +91 141 2222099 | Website : www.rncjaipur.org | E-mail : rncjaipur@gmail.com